

## पूर्व छात्रों के अभिनंदन समारोह में वर्चुअली जुड़े सीएम डॉ. मोहन यादव

- हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन,
- यूडीए अध्यक्ष रवि सोलंकी और संजय सक्सेना का हुआ सम्मान




**उज्जैन। साइंस कॉलेज के पूर्व छात्रों द्वारा एक गरिमामय अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी और डिस्ट्रिक्ट वाइस गवर्नर द्वितीय संजय सक्सेना की उपलब्धियों पर उनके मित्रों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्चुअल उपस्थिति रही।**

कॉलेज के पूर्व छात्र और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़कर अपने साथियों से संवाद किया। उन्होंने कॉलेज की पुरानी यादें साझा कीं और सभी मित्रों को भोपाल आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री के उद्बोधन ने समारोह में नई ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान उपस्थित साथियों ने सम्मानित अतिथियों के व्यक्तित्व, संघर्ष, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल और शानदार आयोजन में आयोजन समिति के संजय शर्मा, राजेन्द्र सिरोलिया, अनिल जैन, कामरान सुल्तान, सादिक भाई, दिनेश जैन, शाहिद हाशमी और घनश्याम गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी उपस्थित साथियों ने उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

### पर्यावरण मित्र भातखंडे का हुआ सम्मान

इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे पर्यावरण मित्र अजय भातखंडे का भी विशेष सम्मान किया गया। वर्षों बाद एक साथ जुटे कॉलेज के साथियों के बीच पुरानी यादों और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।

# अतिक्रमण की शिकायत करना युवक को पड़ा महंगा

## आधी रात को 12 लोगों ने किया हथियारों से हमला

**उज्जैन।** कस्बे में पहले अतिक्रमण की शिकायत करना युवक को गुरुवार शुक्रवार रात महंगा पड़ गया। 10 से 12 लोगों ने घर में घुसकर हथियारों से हमला किया युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस में हमला करने वालों की तलाश शुरू करती है।

माकड़ोन के रुपाखेड़ी में रहने वाले राहुल पिता कन्हैयालाल राठौर को देर रात घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया था। जहां सिर में धारदार हथियार की गहरी चोट होने पर डॉक्टरों ने टांके लगाकर उपचार के लिए भर्ती किया है। घायल युवक ने बताया कि रात 12 बजे के लगभग वह घर में सोया हुआ था। उसी दौरान 10 से 12 लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर आए और घर में घुसकर हमला कर दिया। हमलावरों के पास तलवार, फरसे और बंदूक थी। घायल का कहना था कि उसे दिन पहले उसने कस्बे में पहले अतिक्रमण की शिकायत तहसील में की थी। जिसको लेकर अतिक्रमण करने वालों द्वारा उसे मारने का प्रयास किया गया। मामले में माकड़ोन थाना पुलिस का कहना था कि रात में घायल को उपचार के लिए उज्जैन ले जाया गया था। जिसके चलते सुबह परिजनों से जानकारी जुटाकर मामले में प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। घायल के बयान दर्ज किए जाएंगे। उसके बाद ही हमला करने वालों के नाम सामने आ पाएंगे। परिवार ने कुछ नाम बताए हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### गुर्जर समाज के दो पक्षों में भी विवाद

माकड़ोन के ग्राम ओरंगपुर में गुर्जर समाज के विक्रम पिता नारायणसिंह और चंदू पिता कचरू के बीच पंचायत में शिकायत करने की बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों ओर से परिवार और रिश्तेदार भी विवाद में शामिल हो गए। चंदरसिंह की ओर से करणसिंह, माखनसिंह, जितेन्द्र गुर्जर घायल हो गए। दूसरी ओर से विक्रमसिंह, देवीसिंह, कमला बाई, सचिन, कमल और रोहित को चोट लगी है। माकड़ोन पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया है।

### उद्योगपुरी में लपटों से घिरी अगरबत्ती फैक्ट्री

उज्जैन। शुक्रवार तड़के मक्सी रोड उद्योगपुरी में अगरबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री आज की लपटों से घिर गई। आग लगने की खबर लगते ही आसपास के कारखाने के लोगों में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की चार दमकलों ने पहुंचकर आज पर काबू पाया। लेकिन कब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। मक्सी रोड उद्योगपुरी में एचपी ग्राइंडर फैक्ट्री बनी हुई है जहां अगरबत्ती का निर्माण किया जाता है। शुक्रवार करके अचानक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। कुछ देर में ही कुछ उद्योगपुरी क्षेत्र में धुएं का गुब्बार फैल गया। ऊंची लपटे दिखाई देने लगी। आसपास की फैक्ट्री और कारखाने में काम करने वालों को अगरबत्ती फैक्ट्री में आग लगने की खबर मिली तो हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। कुछ देर में चार दमकल मौके पर पहुंची और फायर फाइटरों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किये। करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद हाथ पर काबू पाया गया लेकिन फैक्ट्री में रखा अगरबत्ती बनाने का कच्चा माल और मशीनों सहित अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। फैक्ट्री संचालक के मौके पर पहुंच गया था जिसके अनुसार आग में उसे लाखों का नुकसान हुआ है फिलहाल यह सामने नहीं आ पाया कि आज कैसे लगी लेकिन माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने से आग फैली थी। पुलिस का कहना था कि आगजनी की शिकायत मिलने पर मामले की जांच की जाएगी। बता दें कि भीषण गर्मी के चलते अभी आगजनी की घटनाओं में काफी इजाफा हो रहा है। इसलिए सतर्क रहने की आवश्यकता अधिक है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**उज्जैन। इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर नाबालिग छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने और शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ अपहरण की धारा के साथ पास्को एक्ट में केस दर्ज कर गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।**

चिमनगंज थाना एएसआई सूर्यप्रकाश तलवैया ने बताया थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग छात्रा कक्षा 10 वीं का अध्ययन कर रही है। 27 अप्रैल को घर से कोचिंग जाने का बोलकर निकली थी। जिसके बाद वापस नहीं लौटी, परिजनों से तलाश के बाद मामले में थाने आकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। कुछ दिन बाद नाबालिग को उज्जैन से सकुशल दस्तायब कर लिया गया। उसने अपने बयान में पहले कुछ नहीं बताया लेकिन बाद में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां महिला अधिकारी द्वारा बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसकी इंस्टाग्राम पर मनोहर शर्मा पिता मोहन शर्मा 21 साल निवासी अमरगढ़ खंडिया, जिला राजगढ़ से पहचान हुई थी। वह उज्जैन महाकाल दर्शन करने आया था उस वक्त झांसा देकर अपने साथ गया था। उसने गलत काम किया और उसका मोबाइल और रुपए भी रख लिये। मामला सामने आने पर मनोहर के खिलाफ अपहरण और पाक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। जिसे राजगढ़ ब्यावरा से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया और कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

## झालमुड़ी से मनाया जश्न

**उज्जैन।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत और सुवेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने पर शुक्रवार को शहर में अनूठे अंदाज में जश्न मनाया गया। विवेकानंद कॉलोनी स्थित लोकमान्य तिलक उद्यान बड़ा बगीचा में रहवासियों और कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक मिठाई के बजाय एक-दूसरे को बंगाल का प्रसिद्ध व्यंजन झालमुड़ी खिलाकर खुशियां मनाई।

मिलिंद पन्हालकर के अनुसार इस दौरान सभी ने नाच-गाकर जीत का उत्सव मनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी को बधाई दी। गौरतलब है कि बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झाड़ग्राम में एक छोटी सी दुकान पर रुककर झालमुड़ी का स्वाद लिया था। प्रधानमंत्री के उसी सादगी भरे अंदाज को याद करते हुए उज्जैन में भी जीत का जश्न झालमुड़ी के साथ मनाया गया। डॉ. राकेश ढंड, श्रीपाद भाटवडेकर, शेखर देवधर, पुरुषोत्तम परमार, माधव रानाडे, कृष्ण कान्त खण्डेलवाल, मिलिंद पनहालकर, राजेंद्र रघुवंशी, गणेश नामदेव, मिलिंद रत्नपारखी, कृष्णा शाह और सुन्दर लाल सोनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### एक नजर में



## खिलाड़ियों ने की खेल मंत्री से मुलाकात

**उज्जैन।** आगामी खेलो इंडिया कार्यक्रम की तैयारियों और विभिन्न खेल योजनाओं को लेकर मध्य प्रदेश के जंप रोप खिलाड़ियों ने भोपाल में खेल मंत्री विश्वास सारंग से उनके निजी आवास पर विशेष मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों के विकास, उन्हें नए अवसर प्रदान करने और खेलों को नई दिशा देने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। यह महत्वपूर्ण बैठक मध्य प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं हिंदुस्तान समाचार के डायरेक्टर कमलकांत वशिष्ठ, मध्य प्रदेश सीईओ अबरार अहमद शेख और सचिव मुकुंद झाला के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। बैठक में खेल गतिविधियों के विस्तार और नई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित हुई। मुलाकात के दौरान खेल विभाग के कई उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने जंप रोप खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया। इस शानदार प्रदर्शन में कुमारी दिव्या चौहान के साथ ही बालकों में अंतरराष्ट्रीय और वर्ल्ड प्लेयर हर्ष कुमावत, अबू हमज़ा और अंश जोशी शामिल रहे। खेल मंत्री ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 116 पुलिसकर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर बने ट्रेनर

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की सुरक्षा-व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का पहला चरण पूरा हो गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस सामुदायिक भवन में 21 दिन पहले प्रदेश पुलिस के मुखिया (डीजीपी) कैलाश मकवाना ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर सुरक्षा-व्यवस्था के साथ भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन को लेकर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ किया था। 21 दिनों तक प्रदेश वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारियों द्वारा अपने पुराने अनुभवों के साथ प्रतिभागियों 116 पुलिसकर्मियों को फील्ड पर भौलोगिक स्थिति का अवलोकन कराया और आधुनिक पुलिसिंग, भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता विकास और सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन को सफल बनाने का प्रशिक्षण दिया। अभियान का प्रथम चरण पूरा होने पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस साई मनोहर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंव पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन झोन राकेश गुप्ता, पुलिस उपमहानिरीक्षक भोपाल रूचिवर्धन, पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा और पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन मनीषा पाठक की मौजदूगी में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। 21 दिनों तक ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का अभियान में शामिल होने वाले प्रतिभागी अब अपने-अपने जिलों में जाकर बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने एवं सीखी गई तकनीकों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये पुलिसकर्मियों को प्रेरित करेगें।

## कृषक संगोष्ठी और जागरूकता कार्यक्रम

**उज्जैन।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अनुक्रम में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 15 मई को ग्राम पंचायत लेकोडा, उज्जैन में सुबह कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को फार्मर आईडी बनाने, ई- टोकन प्रणाली से खाद वितरण की संपूर्ण जानकारी, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती करने के उपाय एवं आगामी खरीफ सीजन के लिए के पूर्व तैयारी के संबंध में समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इंदौर के वैज्ञानिक गण, कृषि विज्ञान केंद्र उज्जैन के वैज्ञानिक, कृषि विभाग और आत्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## उज्जैन में नि :शुल्क मॉक इंटरव्यू

**उज्जैन।** म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 (हिन्दी) में चयनित उम्मीदवारों के लिए नि :शुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) 28 मई को कार्यालय शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन में आयोजित किए जा रहे है। नि :शुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) में सम्मिलित होने के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय में 25 मई तक आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र सांवेर रोड दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर में जमा कर सकते है।

## भाजपा नगर जिला के शेष पदाधिकारी घोषित

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी नगर उज्जैन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा नगर के रिक्त पदों पर नगर पदाधिकारीयों की घोषणा की जाती है। जो निम्नानुसार है। उपाध्यक्ष विशाल शर्मा, विनोद यादव, ऋषि वर्मा, सह कोषाध्यक्ष संजय कोरट, सह कार्यालय मंत्री प्रवीण सनोठिया, मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा, सह मीडिया प्रभारी राजकुमार बंशीवाल, सोशल मीडिया प्रभारी सुहास वैद्य, सह सोशल मीडिया प्रभारी कविता राठौर, आई टी प्रभारी विश्वास शर्मा, आईटी सह प्रभारी निर्मल दिसावल, महाकाल दर्शन प्रभारी उज्जैन दक्षिण पंकज मिश्रा, महाकाल दर्शन प्रभारी उज्जैन उत्तर राजकुमार मालवीय को बनाया गया है। ईष्ट मित्रों ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# युद्ध और होर्मुज का असर : उज्जैन में पेट्रोल 110 के पार

**डीजल भी महंगा, आम आदमी का बजट डगमगाया**

- कलेक्टर ने कहा कालाबाजारी न करें, घर का बजट बिगड़ा

**उज्जैन। युद्ध और होर्मुज की वजह से एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव के गृह नगर उज्जैन में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। लगातार बढ़ते ईंधन दामों से न केवल वाहन चालकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, बल्कि गृहणियों के घरेलू बजट से लेकर व्यापार-व्यवसाय तक पर सीधा असर दिखाई देने लगा है।**

पेट्रोल पंपों पर पहुंचे बाइक और कार चालकों ने बढ़ी कीमतों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों का असर सीधे आम आदमी पर पड़ रहा है। होर्मुज (टोल) से ईंधन और अन्य सामग्री के ट्रक टैंकर निकालने के लिए अतिरिक्त करोड़ों खर्च करना पड़ रहे है, इसलिए ये दिक्कत खड़ी हुई है।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा ने आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, कालाबाजारी रोकने के निर्देश जारी किए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति विभाग को सतर्क रहने और अलग-अलग टीमों के माध्यम से लगातार निगरानी करने को कहा गया है, ताकि पेट्रोल-डीजल सहित खाद्य वस्तुओं का कृत्रिम अभाव न बनाया जा सके। पेट्रोल पंपों पर मौजूद लोगों ने कहा कि लगातार कीमतें बढ़ने से समस्या का समाधान नहीं होगा। सरकार को ऐसे कदम उठाने चाहिए जिससे लोगों को राहत मिल सके। लोगों का मानना है कि यदि ईंधन महंगा होता रहा तो इसका असर हर घर और हर व्यवसाय पर और गहरा होगा। कुल मिलाकर पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

### कीमतों पर एक नजर-रसोई से बाजार तक असर

उज्जैन में पेट्रोल की कीमत लगभग 110 .16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95 .34 रुपये प्रति लीटर के आसपास पहुंच गई। तेल कंपनियों द्वारा करीब 3-3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि के बाद शहर में ईंधन दरों ने नया स्तर छू लिया है। वाहन चालकों का कहना है कि अब छोटी दूरी तय करने से पहले भी सोचना पड़ रहा है। दैनिक मजदूरी कर परिवार चलाने वाले लोगों के लिए यह बढ़ोतरी और अधिक चिंता का विषय बन गई है। महंगाई की इस नई मार से गृहणियों का बजट भी प्रभावित हुआ है। परिवहन लागत बढ़ने से फल-सब्जियों, दूध, किराना और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि की आशंका जताई जा रही है। परिवारों का कहना है कि आय सीमित है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में मासिक बजट संभालना कठिन होता जा रहा है। हाल के दिनों में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर कुछ अफवाहें भी सामने आईं, जिसके कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और घबराने की आवश्यकता नहीं है।

### मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित

पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों का सबसे अधिक असर मजदूर वर्ग, छोटे व्यापारियों और मध्यम आय वर्ग पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि तनख्वाह और मजदूरी में वृद्धि नहीं हो रही, जबकि रोजमर्रा के खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इससे आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है और जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि माल ढुलाई महंगी होने से लागत बढ़ रही है। परिवहन खर्च में वृद्धि का असर वस्तुओं के दाम पर पड़ना तय है। यदि यही स्थिति बनी रही तो बाजार में महंगाई और तेज हो सकती है।

**शौर्य संकल्प योजना-2026 के अंतर्गत**

# अभ्यर्थियों को अध्ययन सामग्री का वितरण किया

- हौंसलों की उड़ान से मंजिलें आसान होती है देश सेवा की भावना ही युवाओं की पहचान होती है



**उज्जैन।** शुक्रवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में शौर्य संकल्प योजना-2026 योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों को अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर और बतौर विशिष्ट अतिथि सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट और ओम राजोरिया शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रायोजन मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु कल्याण विभाग द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कमला कुंवर ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के युवा राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़े। मध्यप्रदेश शासन की ओर से युवओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। हमारे युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर जीवन में उच्च पद पर पहुंचे और राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि आज का यह अवसर केवल एक योजना का शुभारंभ नहीं बल्कि उन सपनों को नई दिशा देने का प्रयास है।

### अभ्यर्थियों को 45 दिन का प्रशिक्षण देंगे

अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण आत्मविश्वास अनुशासन और राष्ट्र भक्ति को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। अभ्यर्थियों को 45 दिवस का प्रशिक्षण देंगे। अतिथियों ने चयनितों को अध्ययन सामग्री वितरित कह। संचालन शेफाली चतुर्वेदी ने किया और आभार प्रदर्शन सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अनुराधा सिकवार ने किया।

## महापौर का ई रिक्शा से निरीक्षण

- पेट्रोल डीजल के मितव्ययिता पूर्ण उपयोग के दृष्टिगत देखे शहर में चल रहे निर्माण कार्य

**उज्जैन।** पेट्रोल-डीज़ल के मितव्ययिता पूर्ण उपयोग के दृष्टिगत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से की गई अपील एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के आव्हान पर उज्जैन नगर पालिक निगम में भी महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को ई रिक्शा में सवार होकर निरीक्षण किया गया। साथ ही जनता द्वारा जो समस्या बताई गई वायरलेस सेट के माध्यम से कंट्रोल रूम पर संबंधित शिकायत को दर्ज करवाते हुए नागरिकों द्वारा बताए गए समस्या का समाधान किया गया। साथ ही महापौर मुकेश टटवाल द्वारा उज्जैन शहर के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, समस्त नागरिकों से भी अपील की है कि सप्ताह में एक दिन वाहनों का प्रयोग ना करते हुए डीजल एवं पेट्रोल की खपत को बचाए एवं इलेक्ट्रिक वाहनों ई रिक्शा का उपयोग करें और डीजल की खपत को कम करने में सहयोग करें। जिसके क्रम में एमआईसी सदस्यों एवं निगम अधिकारियों द्वारा साइकिल, ई रिक्शा, इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ कार्य पर निकले।

## बड़नगर के पंचायत समन्वय अधिकारी को निलंबित किया

**उज्जैन।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने जनपद पंचायत बड़नगर के पंचायत समन्वय अधिकारी और क्लस्टर प्रभारी हीरा सिंह बघेल को ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन व सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक निराकरण नहीं करने तथा उन्हें पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी करने के उपरांत भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बड़नगर होगा। इसके पूर्व कलेक्टर ने टीएल बैठक और समीक्षा में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसके उपरांत भी अधिकारी ने अनसुना किया।

**शनि जयंती पर ...** दान-पुण्य कर हजारों श्रद्धालु शनि देव के दर्शन-पूजन कर तेल चढ़ाने के लिए उमड़ेंगे

# शनि अमावस्या पर आज त्रिवेणी में स्नान, घाटों पर लगाए फव्वारे

**उज्जैन।** आज शनिवार को शनि अमावस्या पर्व पर धार्मिक नगरी उज्जैन में हजारों श्रद्धालु शिप्रा में नहान के लिए उमड़ेंगे। मुख्य रूप से नहान त्रिवेणी पर होगा जहां लोगों के नहान के लिए प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर फव्वारें लगाए है। श्रद्धालु नहान कर नवग्रह शनि देव के दर्शन करेंगे व पूजन के साथ ही तेल भी अर्पित करेंगे। लोग पनौती के रूप में नहान के बाद घाटों पर अपने कपड़े और जूते-चप्पल भी छोड़ते हैं।

**उज्जैन के बगलामुखी में शनि अभिषेक आज 101 बटुक करेंगे महाआरती**-भैरवगढ़ रोड स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम मंदिर में शनि शिंगणापुर से लाई गई शनिदेव की प्रतिमा का शुक्रवार की शाम भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने भक्तों के साथ तेल से अभिषेक-पूजन किया। दो दिनी अनुष्ठान में शनिवार को शनि अमावस्या पर सुबह 101 बटुकों द्वारा भगवान शनिदेव का अभिषेक कर श्रृंगार व महाआरती की जाएगी।

### नईपेठ शनि मंदिर में आज दिन में महाआरती

उज्जैन के नई पेठ में स्थित प्राचीन शनि मंदिर में भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव शनिवार को शनि अमावस्या के संयोग में मनाया जाएगा। पुजारी ओम गुरु ने बताया सुबह 9 बजे से शनिदेव का अभिषेक, विशेष श्रृंगार, हवन-पूजन कर दोपहर 12 बजे जन्म आरती की जाएगी व भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को सुंदरकांड पाठ होगा। विदित हो कि शहर के अनेक मंदिरों में भी सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा और प्रसादी वितरित की जाएगी।



### शनि जयंती पर महाआरती व भंडारा आज

उज्जैन। वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी श्री शनिदेव मंदिर, अंकपात मार्ग, निकास चैराहा, उज्जैन पर दो दिवसीय उत्सव के तहत शुक्रवार को चल समारोह निकाला गया। कार्यक्रम संयोजक हेमंत लश्करी के अनुसार उत्सव के अंतर्गत आज 16 मई संध्या 7 बजे श्री शनिदेव मंदिर, निकास चौराहे पर आरती का पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल होंगे। कार्यक्रम में समस्त श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील शनिदेव भक्त मंडल ने की है।